हरिभूमि

जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 24 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री से.
न्यूनतम 18.0 डिग्री से.

10 कराटे प्रशिक्षण से छात्राओं में बढ़ा आत्मविश्वास



10 फसल अवशेष न जलाने के लिए किया प्रेरित



खबर संक्षेप

युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

जींद। जुलानी फाटक के पास एक अज्ञात युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। जीआरपी को वीरवार शाम सूचना मिली कि जुलानी फाटक के पास एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर हत्या कर ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। युवक का शरीर दो हिस्सों में बंट गया था। युवक के पास ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके।

अवैध हथियार सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

जींद। थाना जुलाना पुलिस ने हत्या मामले में अवैध हथियार सप्लाई करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। जुलाना प्रभारी उप निरीक्षक कमल सिंह ने बताया कि जुलाना निवासी कृष्ण की गत 16 रात को जींद-रोहतक रोड स्थित ट्रक मार्केट में पार्किंग विवाद को लेकर गोली मार कर हत्य कर दी थी। पुलिस ने मामले में लोकेंद्र उर्फ मराठा वासी रामराये आशीष उर्फ भोला वासी लजवाना खुर्द को गिरफ्तार किया था।

महिला के कानों से सोने की बाली छीनी

जींद। नरवाना की भगत सिंह कालोनी निवासी एक महिला के कानों की बालियां झपट कर दो बाइक सवार युवक फरार हो गए। महिला पास की कालोनी से वीरवार शाम को पानी भर कर आ रही थी। नरवाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में भगत सिंह कालोनी निवासी संतोष ने कहा कि उनकी कालोनी में बिजली नहीं आने से पानी नहीं था। वह अपनी ननद कमल के साथ हरिनगर पुल के पास से पानी लेने गई थी।

कल धान की सरकारी खरीद रहेगी बंदः संजय

कैथल। एसडीएम संजय कुमार ने किसानों से अपील की है कि वे शनिवार शाम 5 बजे से रविवार रात 12 बजे तक कैथल शहर की तीनों अनाज मंडियों में धान लेकर न आएं। रविवार को मंडियों में धान की सरकारी खरीद बंद रहेगी और केवल खरीदे गए धान के उठान का कार्य किया जाएगा। एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि मंडियों में धान की खरीद और उठान व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। रविवार को खरीद कार्य बंद रहने के दौरान मंडियों से खरीदे गए धान का उठान किया जाएगा, ताकि मंडियों में स्थान उपलब्ध हो सके।

गांजा फूल पत्ती सप्लाई मामले में आरोपी दबोचा

कैथल। एंटी नारकोटिक सैल द्वारा गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी को भी काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल प्रभारी एसआई प्रदीप की अगुवाई में के एसआई जयभगवान की टीम ने आरोपी गांव सोनवाल बिहार निवासी निरंजन कुमार को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 सितंबर को एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई जसमेर सिंह की टीम ने दबिश देकर आरोपी सोनवर्षा जिला मधुबनी बिहार निवासी पप्पू कुमार को काबू किया गया था।

पूंडरीः 1. 550 किलो चरस सहित आरोपित गिरफ्तार

कैथल। स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट कैथल द्वारा पुण्डरी क्षेत्र में नेशनल हाईवे 152-डी फ्लाईओवर के नीचे से एक आरोपी को 1 किलो 550 ग्राम चरस (सुल्फा) सहित काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट कैथल प्रभारी पीएसआई संदीप कुमार की अगुवाई में एसआई पारस कुमार की टीम अपराधों की रोकथाम एवं रात्रि गश्त के संबंध में गांव करोड़ा बस अड्डे पर मौजूद थे। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली थी।

इनवर्टर दे गए जवाब, सबमर्सिबल नहीं चलने से पेयजल संकट, पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाया

हलक सूखे, गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते पिछले दो दिनों से बिजली आपूर्ति ठप होने और पेयजल संकट से परेशान लोगों का गुस्सा शुक्रवार को फूट पड़ा। बिजली और पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों ने पटियाला चौक और जींद-कंडेला मार्ग पर भी जाम लगा कर रोष जताया। जाम से वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। शाम को बिजली कर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर दी। लोगों ने कहा कि बिजली गुल रहने से दैनिक जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है और अब घरों में पीने के पानी की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि पिछले दो दिनों से बिजली नहीं आने के कारण घरों में लगे इनवर्टर भी जवाब दे चुके हैं। शुरुआत में लोगों ने इनवर्टर के सहारे पंखे, लाइट और मोबाइल चार्जिंग जैसे जरूरी काम चलाने की कोशिश की लेकिन लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने से बैटरी भी डिस्चार्ज हो गई। इसके बाद घरों में रोशनी, हवा और मोबाइल चार्ज करने तक की समस्या खड़ी हो गई। भीषण परेशानी के बीच बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के बाहरी इलाकों में पानी की सप्लाई नहीं होने से लोगों को पीने और घरेलू जरूरतों के लिए पानी जुटाना मुश्किल हो रहा है। पानी की कमी के चलते खाना बनाने, नहाने, कपड़े धोने और अन्य जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का कहना था कि बिजली और पानी दोनों मूलभूत सुविधाएं हैं आपूर्ति बाधित रहने से उन्हें भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। समस्या से परेशान लोगों ने पटियाला चौक पर एकत्रित होकर जाम लगा दिया और बिजली-पानी की व्यवस्था बहाल करने की मांग की। जाम की सूचना मिलने पर शहर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार और डीएसपी रिषभ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। अधिकारियों ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया, जिसके बाद यातायात बहाल हो सका। लोगों ने मांग की कि बिजली आपूर्ति जल्द से जल्द सुचारु की जाए ताकि पेयजल संकट से राहत मिल सके और जनजीवन सामान्य हो। कहना था कि बिजली पानी जैसी सुविधाओं के लंबे समय तक बाधित रहने से आम नागरिकों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। अब लोगों को बिजली आपूर्ति बहाल होने और पानी की समस्या दूर होने का इंतजार है।

शाम को बिजली कर्मियों की हड़ताल खत्म



जींद। पटियाला चौक पर जाम लगाए वाहन। *फोटो :हरिभूमि*



जींद। जाम के दौरान पटियाला चौक पर फंसे वाहन। *फोटो :हरिभूमि*

जींद बस स्टैंड पर भी दिखा बिजली समस्या होने का असर



जींद। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान बिजली गुल होने पर बस स्टैंड पर भी असर दिखाई दिया। शाम पांच बजे के आसपास बस स्टैंड परिसर में लाइट नहीं होने के कारण रोडवेज कर्मचारियों को अंधेरे में मोबाइल टार्च में काम करना पड़ा। वहीं बिजली नहीं होने के कारण ई टिकटिंग मशीनों पर भी इसका असर देखने को मिल सकता है। ई टिकटिंग मशीनों में यात्री हैप्पी कार्ड के जरिए परिचालक द्वारा जीरो बैलेंस टिकट पर सफर करते हैं। इसके अलावा यात्रियों के लिए बने प्याऊ में भी बिजली नहीं आने के कारण टंकी में पानी नहीं भर पाया। इसक कारण यात्रियों को पेयजल की समस्या का सामना करा पड़ा।

पेयजल आपूर्ति के लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने की जनरेटर-पानी के टैंकरों की व्यवस्था

जींद। बिजली कर्मचारियों की 22 से 24 अक्तूबर तक प्रस्तावित हड़ताल के मद्देनजर जिला प्रशासन आमजन को बिजली एवं पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। डीसी डा. वैशाली शर्मा बिजली आपूर्ति व्यवस्था की पल.पल की अपडेट ले रही हैं और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रही हैं। बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर 1912 तथा 1950 जारी किया गया हैए जबकि पेयजल संबंधी शिकायतों के लिए 18001804678 नंबर पर भी संपर्क किया जा सकता है।डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि हड़ताल की अवधि के दौरान बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनाए रखने और आमजन को किसी प्रकार की परेशानी से बचाने के लिए प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए गए हैं। हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो नागरिकों की बिजली आपूर्ति से संबंधित शिकायतें दर्ज कर रहे हैं। प्राप्त शिकायतों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा कर उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन शिकायतों की लगातार निगरानी कर रहा है और उनके निस्तारण की स्थिति की नियमित समीक्षा की जा रही है। डीसी ने बताया कि बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की स्थिति में आमजन को पीने के पानी की समस्या का सामना न करना पड़े।

बिजली-पानी संकट से लोगों का फूटा गुस्सा कैथलवासियों ने तीन जगह पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

प्रदेश के साथ-साथ कैथल जिले में भी बिजली कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को दूसरे दिन शाम को समाप्त हो गई। दिनभर जारी रही हड़ताल के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली और पेयजल संकट गहरा गया। लगातार बिजली कटौती से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और जिले में काकौत और पिलनी समेत तीन स्थानों पर किसानों ने जाम लगा दिए। एक ओर जिला प्रशासन की ओर से बिजली आपूर्ति बहाल करने के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर धरातल पर स्थिति इन दावों से अलग नजर आ रही है। बिजली की कमी के कारण जहां ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लैकआउट जैसे हालात बने हुए हैं, वहीं पेयजल आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। शुक्रवार को जिले में 33 केवी के करीब 35 और 11 केवी के 9 फीडरों में ब्रेकडाउन की स्थिति बनी रही। इनमें से कुछ फीडरों को ठीक कर बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए गए, लेकिन कई फीडरों में खराबी रहने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली संकट का असर अब केवल घरेलू कामकाज तक सीमित नहीं है, बल्कि खेती, पशुपालन, छोटे उद्योगों और शिक्षा व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था चरमरा गई है। पानी की सप्लाई नहीं होने के कारण लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में दिक्कत आ रही है। पशुपालकों के सामने पशुओं को पानी पिलाने और उन्हें नहलाने की समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली नहीं आने से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। लगातार परेशानी झेल रहे लोगों में प्रशासन और सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। बिजली संकट के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित छोटे उद्योगों का कामकाज भी ठप होकर रह गया है। बिजली पर निर्भर काम करने वाले कर्मचारियों को खाली बैठना पड़ रहा है, जिससे काम और आमदनी दोनों प्रभावित हो रहे हैं। शहर में बिजली कटौती का असर ऑटो रिक्शा संचालन पर भी दिखाई दिया। ऑटो रिक्शा कम चलने के कारण यात्रियों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। वहीं स्कूलों, कॉलेजों, आईटीआई और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भी बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हुई। बिजली संकट को लेकर ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को सर्व कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारी संगठनों और भारतीय किसान यूनियन ने भी बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को समर्थन दिया। संगठनों ने सरकार से बिजली कर्मचारियों की मांगों को तुरंत स्वीकार करने की मांग की। वहीं, बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के विरोध में किसानों ने जिले में मुंदड़ी समेत चार स्थानों पर जाम लगाकर अपनी नाराजगी जाहिर की। दूसरी ओर, बिजली कर्मचारी शुक्रवार को पिहोवा चौक स्थित विद्युत सदन में एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने हड़ताल को आगे बढ़ाने की चेतावनी भी दी। हड़ताल के दूसरे दिन बिजली-पानी संकट गहराने से आमजन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अब लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि सरकार और प्रशासन बिजली आपूर्ति सामान्य करने तथा कर्मचारियों की मांगों का समाधान करने के लिए क्या कदम उठाते हैं।



कैथल। थाना सदर प्रभारी कुलदीप देशवाल ग्रामीणों को समझाते।

खनौदा के ग्रामीणों ने लगाया जाम

कैथल। बिजली कट के कारण पेयजल व्यवस्था चरमराए जाने के कारण शुक्रवार को गांव खनौदा के ग्रामीणों ने जमा लगा दिया। इसके साथ ही दूसरी ओर गांव कौल के ग्रामीण भी सडकों पर उतर आए। एक साथ दो दो स्थानों पर जाम लगने के कारण पुलिस प्रशासन की सांसें फूलती नजर आई। ग्रामीणों का कहना था कि लगातार 30 घंटे से ब्लैक आउट होने के कारण ग्रामीणों को पीने का पानी भी मुहैया नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने सरकार को जमकर कोसा। ग्रामीण सोहन लाल, मोनू ने कहा कि सरकार पूरी तरह से बिकी हुई है तथा मूलभूत सुविधाओं को भी प्राइवेट कंपनियों को सौपना चाह रही है। जाम लगने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गाई तथा लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। खनौदा में जाम की सूचना मिलने पर थाना सदर प्रभारी कुलदीप देशवाल मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाली का आश्वासन देते हुए ग्रामीणों को समझाकर जाम खुलवा दिया। इसी प्रकार से गांव कौल में थाना ढांड पुलिस द्वारा ग्रामीणों को समझाते हुए जाम खुलवा दिया।

108 में से 78 पावर स्टेशन चालू : डीसी

कैथल। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के बीच जिले में बिजली आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन डीसी अपराजिता के नेतृत्व में पूरी तरह अलर्ट मोड में है। जिले में कुल 108 पावर स्टेशनों में से 78 चालू हैं। बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है और जहां भी तकनीकी खराबी की सूचना मिलती है, उसे दूर करवाकर जल्द से जल्द आपूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। डीसी अपराजिता ने आमजन से अपील की कि बिजली आपूर्ति बाधित होने पर डायल 1912 अथवा 112 पर सूचना दें, ताकि संबंधित क्षेत्र में समस्या का जल्द समाधान करवाया जा सके।

बिजली निजीकरण को लेकर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को एक्सईएन कार्यालय पर बिजली कर्मचारियों एवं इंजीनियरों द्वारा अपनी लंबित मांगों के लिए शुक्रवार को दूसरे दिन भी हडताल रख प्रदर्शन किया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सयुंक्त रूप से राकेश इक्कस, राजेंद्र, हरिओम, नरेंद्र कलसन, विकास मलिक ने की। मंच संचालन सयुंक्त रूप से यूनिट सचिव प्रदीप सैन, धर्मभीर बैरागी ने किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बिजली क्षेत्र में लिए जा रहे कर्मचारी एवं उपभोक्ता विरोधी निर्णयों, स्मार्ट मीटर योजना, बिजली वितरण निगमों के पुनर्गठन, पावर लाइसेंस जारी करने तथा कर्मचारियों की लंबित मांगों की लगातार अनदेखी के कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। उन्होंने कहा कि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों की मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जिससे आंदोलन को और तेज किया गया जाएगा। जींद जिले की सभी 24 खापों ने एकत्रित होकर अध्यक्ष मंडल की तरफ बिजली कर्मचारियों का समर्थन किया।



जींद। मांगों को लेकर दिन में हड़ताल पर बैठे बिजली निगम कर्मचारी।

लोग खेतों से पेयजल लाने के लिए मजबूर

- बिजली नहीं होने से रोजमर्रा के जरूरी काम पूरे करना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना क्षेत्र में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते आपूर्ति प्रभावित होने से लोगों की दिनचर्या भी अस्त-व्यस्त हो गई है। घरेलू कामकाज से लेकर व्यापारिक गतिविधियों तक पर इसका असर पड़ रहा है। बिजली आपूर्ति ठप होने से कस्बे और गांवों में पेयजल संकट भी गहरा गया है। बिजली के अभाव में पानी की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण लोगों को जरूरत के अनुसार पानी नहीं मिल पा रहा है। कई लोगों को पानी का इंतजाम करने के लिए खेतों की ओर रुख करना पड़ रहा है। पेयजल की किल्लत के चलते लोग बुग्गी में खेतों से पानी लाने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि बिजली नहीं होने से रोजमर्रा के जरूरी काम पूरे करना भी मुश्किल हो गया है। बिजली संकट का असर जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी दिखाई दिया। अस्पताल में पंखे नहीं चलने से मरीजों और उनके साथ आए परिजनों को परेशानी झेलनी पड़ी। वार्ड 11 निवासी प्रवीन ने बताया कि वह शुक्रवार सुबह अपनी पत्नी सुदेश को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आया था। सुबह से ही पंखा नहीं चल रहा था जिसके कारण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रवीन ने आरोप लगाया कि अस्पताल में जनरेटर होने के बावजूद मरीजों को हाथ से कपड़ा झल कर हवा करनी पड़ रही है। ऐसे में मरीजों को इलाज के दौरान भी असुविधा झेलनी पड़ रही है। कार्यवाहक एसएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कार्यवाहक एसएमओ डा. अंशुल ने बताया कि इन्वर्टर को चार्ज करने के लिए जनरेटर भी चलाया गया था। यदि किसी मरीज को परेशानी हो रही है तो वह इस संबंध में जानकारी लेंगी और समस्या का पता करेंगी।



जुलाना। मालवी गांव में बुग्गी में पानी लेने जाती महिला। *फोटो :हरिभूमि*

दो दिन से बिजली को लेकर ब्लैकआउट, कर्मियों की हड़ताल खत्म होने से राहत के आसार

नागरिक अस्पताल में ढाई लाख रुपये का डीजल फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले दो दिन से बिजली को लेकर ब्लैकआउट है। ऐसे में जनरेटर सेटों पर निर्भरता बढ़ गई है। इसी के कारण जिले में डीजल की खपत दो गुणा से भी ज्यादा बढ़ गई है। पेट्रोल पंपों पर डीजल लेने वालों की लाइन लग जाती है। नागरिक अस्पताल में 41 घंटे में अढाई लाख रुपये का डीजल फूंक दिया। यहां दो जनरेटर चल रहे हैं। दोनों जनरेटर एक घंटे में 60 लीटर डीजल चट कर जाते हैं। बुधवार रात 10 बजे से नागरिक अस्पताल की बिजली गुल हो गई थी। यदि हड़ताल लंबी चली तो डीजल का खर्चा कई गुणा बढ़ जाएगा। शहर में जनरेटर किराये पर लेने वालों की लाइन लगी हुई हैए लेकिन जनरेटर नहीं मिल रहे हैं। लोग एक-एक घंटे के लिए जनरेटर का एक हजार रुपये तक किराया देने को तैयार हैं। जिले में कहीं बुधवार रात को आठ बजे तो कहीं रात को 10 बजे ही बत्ती गुल हो गई थी। एकाध गांव में बिजली सप्लाई वीरवार सुबह 10 बजे तक चली। इसके बाद शहर में रात को एक घंटे के कुछ हिस्से में बिजली सप्लाई शुरू हो पाई लेकिन वह भी नाकाफी रही। वीरवार रात एक बजे के बाद से शुक्रवार तक पूरे जिले में ब्लैक आउट रहा। नागरिक अस्पताल में बिजली सप्लाई बहाल करने के लिए बुधवार रात 10 बजे से ही दो जनरेटर चल रहे हैं। एक जनरेटर एक घंटे में 30 से 35 लीटर डीजल खा रहा है। ऐसे में नागरिक अस्पताल में बिजली के लिए अब तक अढाई लाख रुपये का डीजल खर्च हो चुका है। शहर में लोग जनरेटर किराये पर लेने के लिए धक्के खा रहे हैं। इसके बावजूद उनको जनरेटर नहीं मिल रहे हैं। अर्बन इस्टेट निवासी संदीप कुमार ने कहा कि वह हांसी रोड पर जनरेटर किराये पर लेने के लिए गया था लेकिन नहीं मिला।



जींद। नागरिक अस्पताल में चल रहा जनरेटर सेट।

मरीजों को कोई परेशानी नहीं

नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. रघुवीर पूनिया ने बताया कि अस्पताल में दो जनरेटर चल रहे हैं। बिजली की जनरेटर चलने से कोई समस्या नही हैं। डीजल के ड्रम भरकर रखवाए गए हैं। बिजली गुल होने से कोई काम प्रभावित नहीं होने दिया जा रहा। मरीजों को कोई परेशानी नहीं आ रही है।

राजौंद में 30 घंटे बिजली गुल पानी को लेकर मचा हाहाकार

- लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा,जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजौंद में पिछले करीब 30 घंटे से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली के साथ-साथ पेयजल संकट गहराने से शहर में हाहाकार की स्थिति बनी हुई है। वहीं राजौंद खंड के कई गांवों में बुधवार रात करीब 10 बजे से ही बिजली बंद होने की बात सामने आई है। बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण लोगों के इनवर्टर भी बंद हो गए, जिससे घरों और दुकानों के जरूरी कामकाज प्रभावित हुए। सबसे अधिक परेशानी पेयजल को लेकर रही। बिजली न होने के कारण पानी की मोटरें नहीं चल सकीं और लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। लोगों का आरोप है कि बिजली आपूर्ति बाधित होने के बावजूद जन स्वास्थ्य विभाग और बिजली विभाग की ओर से पानी व बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। हालांकि समाजसेवी अनिल अरोड़ा ने जनहित में पहल करते जनरेटर की व्यवस्था कर लोगों के लिए पानी उपलब्ध करवाया।

खबर संक्षेप

जींदः आज सजेगा महारास और गरबा महोत्सव

जींद। जींद में पहली बार अखिल भारतीय अग्रवाल समाज की महिला विंग की ओर से रविवार को भव्य महारास एवं गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। विद्यापीठ मार्ग स्थित एसडी स्कूल में स्वदेशी मेले के प्रांगण में शाम पांच बजे शुरू होने वाले इस समारोह में 500 से अधिक महिलाएं सामूहिक गरबा प्रस्तुति देंगी। श्रीकृष्ण की रासलीला पर आधारित महारासए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व हरियाणवी गायक सुरेंद्र रोमियो की गायकी समारोह के मुख्य आकर्षण रहेंगे।

हड़ताल के मद्देनजर जिला प्रशासन सतर्क

जींद। जिलाधीश एवं डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि हरियाणा बिजली कर्मचारी संघर्ष मोर्चा द्वारा 24 अक्टूबर तक चलाई जा रही तीन दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल के मद्देनजर जिला में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला में विभिन्न विभागों के 11 अधिकारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इनके साथ पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है।

अनाज मंडियों में धान की खरीद लगातार जारी

जींद। जिले की अनाज मंडियों में धान की आवक और खरीद का कार्य निरंतर जारी है। वीरवार देर शाम तक जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल एक लाख नौ हजार 670 मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में किसानों की सुविधा, सुचारू खरीद प्रक्रिया, फसल के उठान तथा आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि जिले की सभी संबंधित खरीद एजेंसियों को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार खरीद कार्य सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

छात्रावास में नवप्रवेशित छात्राओं को बताए नियम

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि के लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास में नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत और उन्हें छात्रावास की व्यवस्थाओं से परिचित करवाने के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में हुए कार्यक्रम में छात्राओं को छात्रावास के नियमों, सुरक्षा, अनुशासन और समय.पालन की जानकारी दी गई। अनुशासन और कमरों की स्वच्छता एवं सुव्यवस्था बनाए रखने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया।

सीएम आवास पर प्रदर्शन करेंगे स्वास्थ्य कर्मचारी

जींद। स्वास्थ्य विभाग में लागू की जा रही मॉडल ऑनलाइन तबादला नीति (एमओटीपी) और युक्तिकरण के नाम पर पद समाप्त करने की प्रक्रिया के विरोध में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा ने 25 अक्टूबर को मुख्यमंत्री आवास पर रोष प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। एसोसिएशन ने सरकार से बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा बहुउद्देशीय स्वास्थ्य पर्यवेक्षक महिला एवं पुरुषद्ध वर्ग को इस नीति से पूरी तरह बाहर रखने की मांग की है। एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष शर्मिला देवी, महासचिव सहदेव सांगवान और प्रवक्ता संदीप कुंडू ने सरकार को पत्र भेजकर अपनी मांगें रखी हैं।

बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मोहा मन

जींद। बाल भवन जींद में आयोजित जिला स्तरीय बाल महोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को बच्चों के उत्साह और प्रतिभा का शानदार संगम देखने को मिला। फैंसी ड्रेस, प्रश्नोत्तरी, मनोरंजक खेल और बेस्ट ड्रामेबाज प्रतियोगिताओं में जिले के करीब 89 स्कूलों के 786 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

महाविद्यालय में रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए तिथि बढ़ी

विद्यार्थी कॉलेजों में एक तक ले सकेंगे एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले भर के कालेजों में यूजी व पीजी कोर्स में खाली सीटों पर दाखिले के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने अब एक नवंबर तक का समय बढ़ा दिया है। इससे पहले कालेजों में छह अक्टूबर को दाखिले का समय पूरा हो चुका था लेकिन फिर भी अलग-अलग संकायों में सीट खाली बच गई थी। कालेजों की मांग पर उच्चतर शिक्षा विभाग ने यूजी व पीजी कोर्स में प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों के दाखिले को लेकर एक नवंबर तक तारीख बढ़ा दी है। इससे पहले छह बार यूजी व तीन बार पीजी कोर्स में शेड्यूल में बदलाव किया गया था लेकिन फिर भी जिले के अलग-अलग कालेजों में सभी सीट नहीं भर पाई थी। जिलेभर में 17 राजकीय व निजी कालेजों में यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 10 हजार सीट हैं। वहीं जिलेभर के छह राजकीय व निजी कालेजों में पीजी कोर्स में लगभग एक हजार सीट हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार शुरुआत में पीजी कोर्स में विद्यार्थियों से 17 जुलाई से लेकर सात अगस्त तक आनलाइन आवेदन मांगे गए थे। पहले 11 अगस्त को पहली मेरिट लिस्ट जारी होनी थी। इसके बाद उच्चतर शिक्षा विभाग ने पीजी कोर्स के शेड्यूल में बदलाव किया था। संशोधित शेड्यूल के अनुसार पीजी कोर्स में 24 अगस्त को पहली मेरिट लिस्ट जारी हुई थी। पहली मेरिट लिस्ट में स्थान पाने वाले विद्यार्थी 25 से 27 अगस्त तक फीस जमा करवा सकते थे। 28 अगस्त से फिजिकल काउंसिलिंग के तहत दाखिले शुरु हुए थे। 29 अगस्त को उच्चतर शिक्षा विभाग ने दोबारा से पोर्टल खोला था। इसमें विद्यार्थी पहले वाले संकायों में बदलाव या नए आवेदन कर सकते थे। 30 अगस्त से पांच सितंबर तक 100 रुपये लेट फीस तक दाखिले हुए। इसके बाद छह से 12 सितंबर तक 100 रुपये पहले वाले और 100 रुपये हर रोज लेट फीस के साथ दाखिले हुए। वहीं यूजी कोर्स में पांच मई से आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई थी। मई से लेकर अक्टूबर माह तक यूजी कोर्स में कुल छह बार शेड्यूल में बदलाव किया गया लेकिन जिस हिसाब से विद्यार्थियों के आवेदन आए थे और पहली मेरिट लिस्ट में 100 से ऊपर सूची रही थीए उस हिसाब से विद्यार्थियों ने दाखिला लेने में रुचि नहीं दिखाई।

महाविद्यालयों में विभिन्न संकायों में रिक्त हैं सीटें



जींद। राजकीय महाविद्यालय।

तय समय में दाखिला लेकर सीट सुनिश्चित करें

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि कालेजों में यूजी व पीजी कोर्स में खाली बची रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने अब एक नवंबर तक समय बढ़ा दिया है। पहले दाखिला का समय छह अक्टूबर तक था। उस दौरान अलग-अलग कालेजों में विभिन्न संकायों में कुछ सीट खाली बच गई थी। ऐसे में उच्चतर शिक्षा विभाग ने दोबारा से दाखिला का मौका दिया है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह निर्धारित समय में दाखिला लेकर सीट सुनिश्चित करें।

राजकीय महिला कालेज में खाली सीटों का ब्योरा

रा महिला कालेज में बीए इंग्लिश में 40 में से 23, बीए ज्योग्राफी में 40 में से तीन, बीकाम में 200 में से 121, बीसीए में 60 में से एक, बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिक्ल साइंस में 160 में से 111, बैचलर आफ साइंस विद मेजर इन मैथ में 40 में से 23 और बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन फिजिक्स में से 30 में से 17 सीट खाली हैं। इसके अलावा पीजी कोर्स में एमए इंग्लिश में 40 में से 13 और एमकाम में 40 में से 17 सीट खाली हैं।

कराटे प्रशिक्षण से छात्राओं में बढ़ा आत्मविश्वास

राजकीय महाविद्यालय में कार्यशाला का सफल समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय के महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की ओर से छात्राओं को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय कराटे कार्यशाला का सफल समापन हुआ। अंतिम दिन छात्राओं ने कराटे की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक अभ्यास कर महत्वपूर्ण कौशल सीखे। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को पंच, किक, ब्लॉक, पकड़ से छूटने, कलाई छुड़ाने, संतुलन बनाए रखने और सही फुटवर्क जैसी तकनीकों का अभ्यास कराया गया। इसके अलावा आगे बढ़कर किए जाने वाले आक्रमण से बचाव, शरीर के संवेदनशील बिंदुओं पर नियंत्रित प्रहार, गिरने से बचने तथा खतरे की स्थिति में सुरक्षित दूरी बना कर प्रभावी प्रतिक्रिया देने के उपाय भी सिखाए गए। प्रशिक्षण की रिसोर्स पर्सन एमपीएड अंतिम वर्ष की छात्रा सिमरन कराटे में ब्लैक बेल्ट धारक ने छात्राओं को विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया।


जींद। कार्यशाला के अंतिम दिन कराटे के गुर सीखते हुए छात्राएं।

सही समय पर उचित प्रतिक्रिया का विशेष महत्व

उन्होंने संतुलन बनाए रखने, संभावित खतरे को पहचानने, उचित दूरी बनाए रखने और कठिन परिस्थितियों से सुरक्षित रूप से बाहर निकलने के उपाय समझाए। उन्होंने कहा कि सतर्कता, आत्मसंयम और सही समय पर उचित प्रतिक्रिया का विशेष महत्व होता है। सिमरन ने कराटे के मूलभूत स्टांस, गार्ड पोजीशन, फ्रंट पंच रिवर्स पंच, फ्रंट किक, साइड किक, नी स्ट्राइक, एल्बो स्ट्राइक, विभिन्न ब्लॉक, डकिंग, साइड स्टेपिंग और त्वरित दिशा परिवर्तन जैसी तकनीकों का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बाल पकडने, गला दबाने, पीछे से पकडने और कलाई पकडने जैसी परिस्थितियों से निकलने के व्यावहारिक उपायों का भी अभ्यास कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण से छात्राएं शारीरिक रूप से सक्षम बनने के साथ-साथ साहस और विपरीत परिस्थितियों में सही निर्णय लेने की क्षमता भी विकसित करती हैं। महिला सशक्तिकरण प्रकोष्ठ की संयोजिका डा. प्रेम पूनम ने कहा कि इस प्रकार की कौशलपरक कार्यशालाएं छात्राओं में सुरक्षा बोध और आत्मनिर्भरता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर महिला आयोग की पूरी टीम के साथ डा. रीना मलिक, डा. सविता दूहन, डा. चंचल शर्मा, पूनम, खुशबू सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यशाला का समापन छात्राओं को जागरूक, निर्भीक और आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हुए हुआ।

बच्चों के सीखने के स्तर पर मंथन

जींद। निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिले के 423 प्राथमिक विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के सीखने के स्तर से अभिभावकों को अवगत करवाना, उनकी शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करना तथा जिन दक्षताओं में बच्चे पीछे हैं, उन्हें बेहतर बनाने के लिए विद्यालय और परिवार के बीच समन्वय स्थापित करना रहा। इस दौरान शिक्षकों ने अभिभावकों को बच्चों के आवधिक आकलन की जानकारी दी और उनकी शैक्षणिक स्थिति से अवगत करवाया। साथ ही कमजोर दक्षताओं में सुधार के लिए आगामी 90 दिनों तक चलाए जाने वाले विशेष उपचारात्मक कार्यक्रम की जानकारी भी सांझा की गई। बैठकों में बच्चों की शैक्षणिक प्रगति के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल और सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के सामने निपुण रामलीला का मंचन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों को देखकर अभिभावक उत्साहित नजर आए और उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि निपुण हरियाणा मिशन का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को उसकी कक्षा के अनुरूप भाषा और गणित की बुनियादी दक्षताओं में सक्षम बनाना है। इसके लिए विद्यालयों में नियमित रूप से विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

लंबित मामलों का प्राथमिकता से करें निपटान : मोनिका रानी

जींद। मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत सुनवाई से जुड़े लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटान किया जाए। फॉर्म 6, फॉर्म 7 और फॉर्म 8 से संबंधित किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। यह निर्देश शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगराधीश मोनिका रानी ने संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारीए हरियाणा की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके बाद जिला स्तर पर आयोजित बैठक में पुनरीक्षण से जुड़े कार्यों और लंबित मामलों के निपटान पर चर्चा की गई।

जींद में आज से सजेगा भव्य स्वदेशी मेला

■ हरियाणा विस के डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण मिड्ढा करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विद्यापीठ मार्ग पर एसडी स्कूल में स्वदेशी जागरण मंच और स्वर्णिम भारत फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी मेले का आयोजन होने जा रहा है। स्वदेशी व स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सजने वाला यह छह दिवसीय मेला 24 से 29 अक्टूबर तक स्थानीय नागरिकों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। मेले का उद्घाटन समारोह शनिवार को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा करेंगे। कार्यक्रम में विशेष उपस्थिति के नाते स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संगठक कुलदीप पूनिया मौजूद रहेंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय सहसमन्वयक व एमडी स्किल डिपार्टमेंट हरियाणा राजेश गोयल शिरकत करेंगे। अध्यक्षता स्वदेशी मंच के प्रांत संयोजक व कुविवि के एग्जाम कंट्रोलर डा. अंकेश्वर करेंगे। मंच पर उपस्थित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी जींद वासियों का मार्गदर्शन करेंगे। मेले की तैयारियों को लेकर जिला संयोजक संदीप गर्ग व नगर संयोजक राजेश ग्रोवर ने संयुक्त रूप से बताया कि जींद में स्वदेशी उत्पादों, स्थानीय कारीगरों कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

फसल अवशेष न जलाने के लिए किया प्रेरित

■ पराली प्रबंधन को लेकर विभाग का जागरूकता अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा जिले में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर किसानों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कृषि विभाग की टीमों ने सिंघाना, सुरबरा, बुडायन सहित अन्य गांवों में जागरूकता शिविर आयोजित कर किसानों को धान की पराली न जलाने तथा फसल अवशेषों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया। कृषि उपनिदेशक डा. सुखदेव कम्बोज ने बताया कि जागरूकता शिविरों के दौरान किसानों को पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान और इसके मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर पडने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जानकारी दी जा रही है। किसानों को फसल अवशेषों को जलाने के बजाय कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक तकनीकों की सहायता से उनका उचित प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ.साथ मिट्टी की गुणवत्ता भी बनाए रखी जा सके। उन्होंने बताया कि गांव बिघाना और उझाना में फसल अवशेषों के एक्स सीटू प्रबंधन को लेकर किसानों को जागरूक किया गया। एक्स सीटू प्रबंधन के तहत फसल अवशेषों को खेत से बाहर ले जाकर उनका उपयोग विभिन्न कार्यों में किया जा सकता है। इससे पराली के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ उसे जलाने की आवश्यकता को कम करने में मदद मिलती है। कृषि उपनिदेशक ने बताया कि पराली प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए विभाग की टीमें जागरूकता अभियान के साथ-साथ फील्ड स्तर पर निगरानी भी कर रही हैं। वहीं ड्रोन के माध्यम से धान की पराली जलाने की घटनाओं की निगरानी की जा रही है ताकि फसल अवशेष जलाने की गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीवों और पोषक तत्वों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।


जींद। पराली प्रबंधन को लेकर जागरूक करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*


जींद। जापान से आया दल बातचीत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

पोर्टेबल पैलेट मशीन की उपयोगिता की समीक्षा

जींद। उप निदेशक कृषि डा. सुखदेव सिंह ने बताया कि स्थानीय हमेटी में शुक्रवार को जापान से आए पर्यावरण विषय के व्यावसायिक अभियंता एवं पर्यावरण विभाग के प्रबंधक वैज्ञानिक हिरोयुकी माएदा तथा भारत सरकार की ओर से सहायक निदेशक नई दिल्ली अनुपम सैनी ने भ्रमण किया। इस अवसर पर कृषि विभाग से संयुक्त निदेशक डा. महाबीरए हमेटी के निदेशक डा. सुरेंद्र यादव उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जापान से लाई गई पोर्टेबल पैलेट मशीन की कार्यप्रणाली उपयोगिता एवं कृषि अवशेष प्रबंधन में इसकी संभावनाओं की समीक्षा की गई। यह मशीन हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय कौल में परीक्षण के आधार पर स्थापित की गई है। इस मशीन की प्रस्तावित क्षमता खेत में ही एक घंटे में लगभग दो टन धान की पराली से पैलेट तैयार करने की है। उन्होंने बताया कि मशीन से तैयार पैलेट की जैविक उपयोगिता एवं गुणवत्ता का परीक्षण आगामी मार्च माह तक किया जाएगा।

जंक्शन पर कुली की व्यवस्था होनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रेलवे की ओर से यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से रेल जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जींद रेलवे जंक्शन पर अधिकारियों ने 50 यात्रियों से संवाद किया। इस दौरान अलग-अलग सुझाव रखे। रेलवे जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक जेएस कुंडू ने कहा कि यात्रियों ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजन के तहत जो सुविधाएं दी जा रही हैं, उसे मेंटेन रखा जाए। इसके अलावा कुछ यात्रियों ने मांग रखी कि जो रेल गाड़ी रोहतक तक ट्रमिनेट होती हैं उनको जींद तक बढ़ाया जाए। कुछ यात्रियों ने कहा कि जंक्शन परिसर बढ़ा है। ऐसे में यात्रियों को ट्रेन से उतरने के बाद



भारी भरकम सामान लेकर जाने में परेशानी होती है। यात्रियों की सुविधा के लिए जंक्शन पर कुली की व्यवस्था होनी चाहिए। कुछ महिला यात्रियों का कहना था कि यहां रेपिडो भी चलनी चाहिए। इसके अलावा जंक्शन परिसर में मिलने वाली सुविधाओं पर यात्रियों ने संतोषजनक बताया है। वहीं नरवाना रेलवे जंक्शन पर भी यात्रियों के साथ संवाद किया गया। इस दौरान पहले और नई बिल्डिंग बनने के बाद यात्रियों को किसी प्रकार की सुविधाएं मिल रही, उसके बारे में फीडबैक लिया गया। नरवाना रेलवे जंक्शन के स्टेशन अधीक्षक रणधीर सिंह ने बताया कि यात्रियों के अनुसार यहां पहले से ज्यादा सुधार हुआ है। खासकर सफाई व्यवस्था में काफी बदलाव देखने को मिला है।


जींद। एडीसी से मिलने जाते व्यापारी। *फोटो :हरिभूमि*

बिना बिजली के व्यापार पर पड़ रहा असरः कंप्यूटर

जींद। जींद व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल प्रधान महावीर कंप्यूटर के नेतृत्व में एडीसी प्रदीप कुमार से मिला। जींद व्यापार मंडल के प्रधान महाबीर कंप्यूटर व सुनील वशिष्ट ने मांग की है कि बिजली की समस्या का हल जल्द से जल्द निकाला जाए। उन्होंने मांग की है कि बिजली ना होने की वजह से घरों में पानी की किल्लत होने के कारण ना तो रसोई में खाना बन रहा है और ना ही नहाने के लिए पानी मिल रहा है। इसके अतिरिक्त व्यापार में भी काफी गहरा असर पड़ा है। लोग बिजली की किल्लत के कारण घरों से बाहर निकलने के लिए मजबूर हो रहे हैं और रात को सभी लोग घर से बाहर बैठ कर अपना समय व्यतीत कर रहे हैं और ना ही नींद पूरी हो रही है। छोटे-छोटे बच्चे इससे प्रभावित हो रहे हैं। व्यापारियों ने बिजली कर्मचारियों से मांग की है कि यह पूरे शहर की बिजली बंद करके आमजन को परेशान ना करें। अगर आपकी कोई उचित मांग है तो मुख्यमंत्री व हरियाणा सरकार के मंत्रियों से मिलकर हल निकाला जा सकता है।

स्कूल और कॉलेजों में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के निर्देश

जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें । अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले में नशे की रोकथाम के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। गौरतलब है कि प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार पर रोक लगाने के लिए सरकार द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक में सभी जिलों के उपायुक्तों को नशे की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई करने और संबंधित विभागों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वीडियो कॉन्फ्रेंस के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने कहा कि नशे की तस्करी और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल से काम करें। नशे से जुड़े संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के आसपास के क्षेत्र को ड्रग फ्री जोन बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। शिक्षण संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री और अन्य संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए। संबंधित विभाग यह सुनिश्चित करें कि युवा नशे से दूर रहें और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास किसी भी प्रकार की नशे से जुड़ी गतिविधि को बढ़ावा न मिले। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए नियमित रूप से जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएं।



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी प्रदीप कुमार। *फोटो :हरिभूमि*

नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए

भाषण, निबंध, पोस्टर जागरूकता कार्यक्रम और अन्य गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी नशा मुक्ति केंद्रों का नियमित रूप से निरीक्षण जारी रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि नशे से प्रभावित लोगों को उचित उपचार और जरूरी सुविधाएं समय पर मिलें। केंद्रों में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए।


जींद। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर। *फोटो :हरिभूमि*

स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया

जींद। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आरोही माडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल हसनपुर में शुक्रवार को किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगूरां की चिकित्सा अधिकारी डा. दीक्षा के नेतृत्व में आयोजित हुआ। स्कूल की प्रधानाचार्या ममता शर्मा तथा शिक्षिका सोनू ने आयोजन में सहयोग दिया। इस अवसर पर एनीमिया (खून की कमी) लक्षण, कारण एवं बचाव विषय पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने पोस्टरों के माध्यम से पौष्टिक आहार और एनीमिया से बचाव का संदेश दिया। प्रतियोगिता में संजना ने प्रथम, शीतल ने द्वितीय तथा जागृति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्वास्थ्य संवाद के दौरान 118 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिए गए तथा बीएमआई व एनीमिया की जांच की गई। स्वास्थ्य टीम ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार अपनाने और किशोरावस्था में स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया।

खबर संक्षेप

कंवलजीत ने सुचारु करवाई पेयजल आपूर्ति

पूंडरी। गांव फतेहपुर में बिजली कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते पैदा हुए बिजली संकट के बीच ग्रामीणों को पीने के पानी की किल्लत से बचाने के लिए समाजसेवी कंवलजीत वालिया ने अपने निजी सहयोग से सराहनीय पहल की। उन्होंने ट्रैक्टर और जनरेटर की व्यवस्था कर गांव के सभी सात वाटर सप्लाई पंपों को एक-एक घंटे तक चलवाकर पानी की सप्लाई सुचारु करवाई।

ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर हो सकती है ठगी

कैथल। तेज़ी से बढ़ते डिजिटल युग में जहां अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन माध्यम से बुक की जा रही हैं, वहीं साइबर अपराधी भी आमजन को अपने जाल में फंसाने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। इसी क्रम में अब होटल, टैक्सी, बस, फ्लाइट, कुरियर, टूर पैकेज, रेस्टोरेंट टेबल या अन्य सर्विस बुकिंग के नाम पर साइबर ठगी के मामले सामने आ रहे हैं।

पुलिस ने शहीदों के परिजनों से की मुलाकात

कैथल। पुलिस विभाग द्वारा पुलिस शहीदी स्मृति दिवस के उपलक्ष में 21 से 31 अक्टूबर तक चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की कड़ी दौरान डीएसपी व थाना प्रबंधको द्वारा पुलिस शहीदों के परिजनों से उनके घर पर जाकर मुलाकात की गई। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने बताया कि देश की आंतरिक व बाह्य सुरक्षा के लिए मर मिटने वाले अमर शहीदों को देश व समाज द्वारा कभी भी भुलाया नहीं जा सकता।

नशे पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

कैथल। डीसी अपराजिता ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। नशे पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सभी संबंधित अधिकारी आपस में तालमेल और तत्परता के साथ कार्य करें। शहरों के साथ-साथ ग्रामीणों क्षेत्रों में भी गहनता से निगरानी की जाए और नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

ताश की मार्फत जुआ खेल रहे 4 आरोपी काबू

कैथल। चौंकी अनाज मंडी द्वारा रजनी कॉलोनी कैथल स्थित खेत में बने कमरे में ताश से जुआ खेल रहे 4 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 11 हजार 500 रुपए नकदी व 52 पत्ते ताश बरामद हुए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौंकी अनाज मंडी प्रभारी एएसआई जयपाल सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान चंदाना रोड़ कैथल के पास के पास मौजूद थी।

बिजली संकट पर विधायक ने सरकार घेरा

कैथल। कैथल से कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला ने प्रदेश में व्याप्त गंभीर बिजली संकट और बिजली वितरण के प्रस्तावित निजीकरण को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के गांव-गांव में अंधेरा छाया हुआ है। फीडर डाउन हैं, पेयजल खत्म हो रहा है, पशु भूखे-प्यासे खड़े हैं। लोग दिन-रात हाईवे जाम करने को मजबूर हो रहे हैं।

डीसी अपराजिता की पहल से टला बड़ा संकट

कलायत में 16 घंटे बाद बहाल हुई बिजली आपूर्ति

बात्ता गांव के 220 केवी बिजली स्टेशन से बंद हुई थी कलायत के 33 केवी स्टेशन की सप्लाई

- बिजली आपूर्ति बंद होने के बाद शहर में जनजीवन बुरी तरह हुआ प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कलायत में बिजली आपूर्ति ठप होने से पैदा हुए गंभीर संकट का शुक्रवार को आखिरकार समाधान हो गया। बात्ता गांव स्थित 220 केवी बिजली स्टेशन से कलायत के 33 केवी बिजली स्टेशन की सप्लाई बंद होने के कारण क्षेत्र के लोगों को करीब 16 घंटे तक परेशानी झेलनी पड़ी। जिला उपायुक्त अपराजिता की पहल, नगर पालिका पार्षदों के सहयोग और उपमंडल प्रशासन की तत्परता से बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

वीरवार शाम को बिजली आपूर्ति बंद होने के बाद शहर में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। रातभर बिजली नहीं आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों में भी कामकाज बाधित रहा। लंबे समय तक बिजली बहाल नहीं होने के कारण लोगों की चिंता बढ़ती जा रही थी।





कैथल। पेयजल हेतु लगाया गया जनरेटर। फोटो: हरिभूमि

प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के तालमेल की हुई सराहना



जिला उपायुक्त अपराजिता ने बिजली संकट के समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन का प्रयास वैकल्पिक व्यवस्था तैयार करते हुए आवश्यक सेवाओं को सुचारु बनाए रखना है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी संगठनों और आमजन से भी प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

बिजली संकट से कई व्यवस्थाएं हुईं प्रभावित

बिजली आपूर्ति बंद रहने से शहर में पेयजल संकट गहराने लगा था। इसके अलावा सरकारी कार्यालयों में कामकाज प्रभावित होने से आम लोगों को भी दिक्कतें उठानी पड़ीं। लोग लंबे समय से बिजली बहाल होने की प्रतीक्षा कर रहे थे।ऐसे में जिला उपायुक्त के हस्तक्षेप और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से बिजली आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने राहत जताई।

पार्षदों ने बैठक कर तलाशे समाधान के विकल्प

बिजली संकट को लेकर वार्ड नंबर एक की पार्षद कुमारी रेणु धानियां की अध्यक्षता में पार्षदों ने बैठक की। इसमें समस्या के समाधान को लेकर विचार-विमर्श किया गया और बिजली आपूर्ति जल्द बहाल करवाने के लिए संभावित विकल्पों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान सामने आए सुझावों के आधार पर जिला उपायुक्त अपराजिता के कार्यालय को स्थिति से अवगत करवाया गया। बताया गया कि पार्षद कुमारी रेणु धानियां ने बिजली व्यवस्था बहाल करवाने के लिए वैकल्पिक समाधान का सुझाव दिया।

बिजली आपूर्ति बाधित होने पर जनरेटर सेट से सुनिश्चित की जा रही पेयजल आपूर्ति

- जनरेटर सेट से संचालित किए कैथल शहर के चार बूस्टर
- शेष बूस्टरों को चालू करने के लिए भी प्रयास जारी
- ग्रामीण क्षेत्रों में बीडीपीओ और सरपंचों को दिए पेयजल आपूर्ति के निर्देश

कैथल। डीसी अपराजिता ने कहा कि बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के मद्देनजर जिले में पेयजल आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट पैदा न हो इसको लेकर जनरेटर सेट लगाकर ट्यूबवेल व जल आपूर्ति बूस्टर संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शहर में जनरेटर सेट के माध्यम से चार बूस्टर स्टेशन सुचारू रूप से संचालित किए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 125 केवीए क्षमता के 4 और जनरेटर सेट की व्यवस्था की गई है। अन्य बूस्टरों को चालू करने के लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि बिजली आपूर्ति बाधित होने के बावजूद शहरवासियों को पेयजल उपलब्ध करवाया जा सके। जिन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति चालू है वहां पेयजल को लेकर समस्या नहीं है।



पूंडरी। पूंडरी पावर हाउस में बिजली आपूर्ति बहाल करवाते सरपंच लाभ सिंह जांबा। फोटो: हरिभूमि

दो दिन से बिजली संकट के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त

- निजी कर्मचारियों की मदद से बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटे सरपंच लाभ सिंह जांबा
- लाइनों में लोहे की चेन मिलने से हो रहे फाल्ट
- दुकानदारों और बिजली से जुड़े कारीगरों का काम भी ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

बिजली कर्मचारियों की दो दिन से जारी हड़ताल के चलते पूंडरी शहर और पूरे क्षेत्र में बिजली संकट गहरा गया है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत पीने के पानी की सप्लाई को लेकर हो रही है। इसके अलावा बिजली पर निर्भर रोजमर्रा के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। पूंडरी के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को पूरी तरह बिजली गुल रहने से ब्लैकआउट जैसी स्थिति बन गई। बिजली आपूर्ति बहाल करवाने के लिए विधायक सतपाल जांबा, उनके भाई सरपंच लाभ सिंह जांबा और विभिन्न गांवों के सरपंच लगातार प्रयास कर रहे हैं। निजी कर्मचारियों की मदद से कई गांवों की बिजली आपूर्ति शुरू करवाई गई, लेकिन कुछ समय बाद ही दोबारा फाल्ट आने से सप्लाई बंद हो गई।

लाइनों में मिली लोहे की चेन

सरपंच लाभ सिंह जांबा निजी कर्मचारियों को लेकर पूंडरी के 132 केवी पावर हाउस पहुंचे और वहां से कई गांवों की बिजली आपूर्ति शुरू करवाने के प्रयास किए। उन्होंने बताया कि बिजली लाइनों की जांच के दौरान कई जगह तारों पर लोहे की चेन मिली हैं, जिनके कारण बार-बार फाल्ट हो रहे हैं। ऐसी विपरीत परिस्थिति में लोगों की परेशानी दूर करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

दुकानदारों और कारीगरों का काम ठप

बिजली संकट का असर व्यापार और रोजगार पर भी पड़ रहा है। दुकानदारों, इलेक्ट्रीशियनों, मिस्त्रियों और बिजली से संबंधित काम करने वाले कारीगरों का काम पिछले दो दिनों से लगभग ठप पड़ा है। बिजली न होने के कारण वे अपने काम नहीं कर पा रहे हैं और आपूर्ति बहाल होने का इंतजार कर रहे हैं।

एसडीएम ने मंडी का किया निरीक्षण

- संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला चीका

एसडीएम मनीष कुमार यादव ने शुक्रवार को चीका अनाज मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से धान खरीद कार्य को निरंतर सुचारू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण फसल कटाई में देरी के कारण धान मंडियों में नहीं आ रहा था। अब दुबारा फसल कटाई का कार्य जोरो से चल रहा है। जिसके कारण फसल की आवक भी मंडियों में बढ़ी है। सभी संबंधित अधिकारी बढ़ती आवक को देखते हुए सभी खरीद केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्थाओ को सुचारू रखे।



गुहला चीका। एसडीएम मनीष यादव अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए।

किसानों को नहीं होनी चाहिए परेशानी

सीजन के दौरान किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। यदि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो उसको जल्द पूरा करे। गत 22 अक्टूबर तक विभिन्न मंडियों में 19 लाख 44 हजार 72 क्विंटल धान की आवक हो चुकी है, जबकि 12 लाख 59 हजार 150 क्विंटल धान का उठान किया जा चुका है। एसडीएम ने खरीद एजेंसियों तथा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीद के साथ-साथ उठान के कार्य को भी सुचारू रखें।

नवीन जिन्दल छात्रवृत्ति से संवरेंगे विद्यार्थियों के सपने

- नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के तहत मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को दी आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

आर्थिक परिस्थितियां अब मेधावी एवं जरुरतमंद विद्यार्थियों की पढ़ाई में बाधा न बनें, इसी उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना विद्यार्थियों के लिए मददगार साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को अब तक करोड़ों रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इसी कड़ी में आज जिन्दल हाउस, कैथल में मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर कैथल कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा शुरू की गई यह पहल विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का मानना है कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसी सोच के साथ वे विद्यार्थियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने और जरूरतमंद परिवारों को सहयोग देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।



विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता देते सांसद नवीन जिंदल कार्यालय के अधिकारी।

2024 में शुरू हुई योजना

नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2024 में शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए सहयोग देना और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। योजना के माध्यम से हजारों विद्यार्थी आर्थिक सहायता प्राप्त कर अपनी पढ़ाई जारी रख रहे हैं और अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

जोनल यूथ फेस्टिवल में छात्राओं ने लहराया परचम

- जोनल यूथ फेस्टिवल में ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन
- हिंदी वाद-विवाद में भावना ने हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर पूंडरी की छात्राओं ने 17 से 19 अक्टूबर तक नवरंग राय लोहिया जयराम महिला महाविद्यालय, लोहार माजरा में आयोजित जोनल यूथ फेस्टिवल में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार हासिल किए। छात्राओं ने हिंदी एवं अंग्रेजी वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष चौ. तेजवीर सिंह ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की। प्रतियोगिता में प्रश्नोत्तरी में सायका, तनु देवी और मनीषा की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में पक्ष में मनप्रीत कौर ने द्वितीय तथा विपक्ष में चैतन्या ने तृतीय स्थान हासिल किया। हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में भावना ने पक्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विपक्ष में राखी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। अंग्रेजी भाषण प्रतियोगिता में भी चैतन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय की उपलब्धियों में योगदान दिया। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करने में महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष चौ. तेजवीर सिंह के मार्गदर्शन, सहयोग और प्रोत्साहन की भी सराहना की। महोत्सव की तैयारियों और छात्राओं के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. पुष्पा रानी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



पूंडरी। विजेता छात्राओं के साथ प्रिंसिपल डॉ शकुंतला सिंगला।

प्राचार्या ने बढ़ाया उत्साह

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने विजेता छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवा महोत्सव छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं की ये उपलब्धियां उनकी मेहनत, लगन और बेहतर तैयारी का परिणाम हैं।

गोदभराई रस्म के साथ दिया पोषण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को गांव जाखौली (कमान पट्टी) में कम्युनिटी बेस्ड इवेंट (सीबीई) बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्कल सुपरवाइजर नीलम रानी ने की। इस दौरान गांव की गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ कराई गई।सुपरवाइजर नीलम रानी ने गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने की सलाह देते हुए कहा कि गर्भावस्था के दौरान जच्चा-बच्चा दोनों के स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार बेहद जरूरी है। उन्होंने हरी सब्जियां, मौसमी फल, दूध, दलिया व अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन करने तथा आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां नियमित लेने की अपील की।उन्होंने कहा कि गर्भधारण की जानकारी तुरंत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को दें, ताकि पोषण ट्रैकर पर समय पर पंजीकरण हो सके और सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।



राजौंद। जाखौली में आयोजित सीबीई बैठक के दौरान गर्भवती महिला की गोदभराई की रस्म अदा करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में बेटी के जन्म पर भी बेटे की तरह कुआं पूजन करने का संदेश दिया गया और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को मजबूत करने का आह्वान किया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजरानी, कविता, राजबाला, सुदेश, राजबाला व कमला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा के दिशा-निर्देशानुसार तथा युवा मामलों के अंतर्गत चलाए जा रहे मासिक स्वच्छता अभियान के तहत आज राजकीय आईटीआई कैथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान संस्थान के परिसर में साफ-सफाई की गई तथा इधर-उधर पड़े पॉलिथीन बैग, प्लास्टिक की बोतलें, चिप्स के खाली पैकेट और अन्य कचरे को एकत्रित कर डस्टबिन के माध्यम से उचित स्थान पर डाला गया। इस अवसर पर संस्थान के उपप्रधानाचार्य पंकज नफरिया ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने संस्थान के साथ-साथ अपने घर और आसपास के वातावरण को भी स्वच्छ रखने में योगदान देना चाहिए।



कैथल। राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल स्वयं सेवकों के साथ।

स्वच्छ परिसर से स्वस्थ वातावरण का निर्माण

कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शमशेर सिंह मलिक ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। स्वच्छ परिसर से स्वस्थ वातावरण का निर्माण होता है और विद्यार्थियों में जिम्मेदारी तथा अनुशासन की भावना विकसित होती है।

कल कपिल मुनि तीर्थ ग्राउंड में होगा 19वां विशाल जागरण और भंडारा

कौल में निकाली भव्य निशान यात्रा, बाबा खाटू श्याम के जयकारों से भक्तिमय हुआ माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

श्री खाटू श्याम परिवार ट्रस्ट, कौल की ओर से बाबा खाटू श्याम के 19वें विशाल जागरण के उपलक्ष्य में आज भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। बाबा खाटू श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह ने धार्मिक आयोजन को विशेष बना दिया। निशान यात्रा के माध्यम से श्रद्धालुओं ने बाबा के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और क्षेत्र में भक्ति का माहौल देखने को मिला। ट्रस्ट की ओर से कल 24 अक्टूबर को कौल स्थित कपिल मुनि तीर्थ ग्राउंड में विशाल भंडारे और 19वें श्री खाटू श्याम जागरण का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर ट्रस्ट के सदस्यों की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। जागरण में बाबा खाटू श्याम की महिमा का गुणगान किया जाएगा और श्रद्धालु भजन-कीर्तन के माध्यम से बाबा का गुणगान कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।



ढांड। गांव कौल में निशान यात्रा निकालते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली होंगे मुख्य अतिथि

ट्रस्ट के प्रधान मास्टर रामशरण ने कहा कि बाबा खाटू श्याम की कृपा से हर वर्ष श्रद्धालुओं को इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से एक साथ जुड़ने का अवसर मिलता है। भव्य निशान यात्रा में श्रद्धालुओं की भागीदारी बाबा के प्रति उनकी अटूट आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत करना है। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अपील की कि वे परिवार सहित जागरण और भंडारे में पहुंचकर बाबा खाटू श्याम का आशीर्वाद प्राप्त करें और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दें। ट्रस्ट के सचिव अशोक दीक्षित ने बताया कि जागरण में हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

खबर संक्षेप

राजौंद कॉलेज में प्रवेश का एक और अवसर

राजौंद। राजकीय महाविद्यालय राजौंद में बीए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। महाविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 1 नवंबर 2026 कर दी है। जिन विद्यार्थियों ने किसी कारणवश अभी तक महाविद्यालय में प्रवेश नहीं लिया है, वे अब निर्धारित अंतिम तिथि तक अपनी प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों से कहा कि वे प्रवेश संबंधी प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी प्राप्त कर निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

कैथल विधानसभा में 2 से आयोजित होगा सांसद खेल महोत्सव

कैथल। सांसद नवीन जिंदल के जिला कैथल कार्यालय प्रभारी रविंदर धीमान ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के तहत विधानसभा कैथल में 2 से 4 नवम्बर तक आर.के. एस. डी कॉलेज कैथल, जाट कॉलेज कैथल, हाबड़ी खेल स्टेडियम, तथा पुलिस लाइन कैथल में विभिन्न खेलो का आयोजन होगा। इन खेल प्रतियोगिताओं में जिले के हजारों खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस प्रतियोगिता में 11 खेल शामिल किए गए हैं जिसमें कबड्डी, वालीबाल, फुटबॉल, जूडो, हॉकी, बॉक्सिंग, कुश्ती, रस्साकशी, दौड़, क्रिकेट तथा शूटिंग खेल शामिल है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला फूंककर इस्तीफे की मांग

एसआईआर के खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा गरजा, निष्पक्ष जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के आह्वान पर शुक्रवार को जींद में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला फूंक कर उन्हें पद से हटाने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग उठाई गई।

किसान सभा जिला उपप्रधान वेदप्रकाश, प्रताप नंबरदार, बीकेयू जिला प्रधान बिंदर नंबरदार ने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर नागरिकों के मतदान के अधिकारों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा ने इसी के विरोधस्वरूप शुक्रवार को पुतला दहन किया है। उन्होंने कहा कि आरएसएस भाजपा से जुड़े तत्वों द्वारा प्रदर्शनकारियों में शामिल छात्राओं, महिलाओं और युवाओं के खिलाफ की जा रही कथित बर्बर कार्रवाई और उत्पीड़न की कड़ी निंदा की। मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि मोदी सरकार शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर हमले जारी रखती है तो देशभर के किसान उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आएंगे। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना नागरिकों का मौलिक अधिकार है और प्रदर्शनकारियों पर हमला करना संविधान तथा कानून के शासन की भावना के विरुद्ध है। किसान नेताओं ने न्यायपालिका जिसमें सर्वोच्च न्यायालय भी शामिल है से मांग की कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित दमनात्मक कार्रवाई और नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों से जुड़े मामलों का तत्काल संज्ञान लिया जाए तथा दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने मांग की कि एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए और मतदाता सूची पुनरीक्षण के नाम पर नागरिकों को परेशान करना बंद किया जाए। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को तत्काल पद से हटाया जाए तथा उनके विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई और अभियोजन की मांग पर विचार किया जाए। मतदाता सूचियों से बिना उचित पारदर्शिता और प्रक्रिया के हटाए गए सभी 13.41 करोड़ नागरिकों के मतदान अधिकार बहाल किए जाएं। इस संख्या और संबंधित दावे की आधिकारिक जांच भी सुनिश्चित की जाए। निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति से संबंधित वर्ष 2023 के कानून में संशोधन किया जाए। निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति करने वाली चयन समिति में कैबिनेट मंत्री के स्थान पर भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल किया जाए। मतदाता सूची से नाम हटाने या जोड़ने की प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने वाली बनाई जाए। संयुक्त किसान मोर्चा ने किसानों और आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे मतदान के अधिकार, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए एकजुट हों। इस मौके पर करतार सिंह, बलजीत, राजकुमार, राजेंद्र सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।



जींद। मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंकते हुए किसान नेता। फोटो : हरिभूमि



ढांड। किसान नेता राजीव आर्य ढांड व अन्य किसान एसआईआर का विरोध जताते हुए।

एसआईआर के नाम पर मताधिकार से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं होगा : राजीव आर्य

ढांड। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कैथल जिलाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का मताधिकार है और इसके साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर किसानों ने एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के विरोध में प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। कस्बे में पत्रकारों से बातचीत करते हुए किसान नेता राजीव आर्य ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से देशभर में लगभग 13.41 करोड़ नागरिकों के नाम मतदाता सूचियों से हटाने की कोशिश की गई है। उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर कथित अनियमितताएं सामने आई हैं, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। राजीव आर्य ने कहा कि देश के प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान करने का संवैधानिक अधिकार है और किसी भी व्यक्ति को इस अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच करवाई जाए तथा सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किए जाएं। किसान नेता राजीव आर्य ने कहा कि संयुक्त मोर्चा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे तथा उन्हें पद से हटाने के लिए संसद द्वारा संवैधानिक प्रक्रिया अपनाने की मांग कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों और आम नागरिकों की चिंताओं का समाधान नहीं हुआ तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर किसान नेता एवं मीडिया प्रभारी सुभाष बडसीकरी, जिया लाल ढूंढवा, जिला उपाध्यक्ष कपिल गढ़ी, महेंद्र रामगढ़, फूला राम, किसान सभा से जसबीर सिंह सहित अनेक किसान मौजूद रहे।



पूंडरी। नवनियुक्त प्रधानाचार्य गजेंद्र कुमार का स्वागत करते हुए स्कूल स्टाफ।

डीएवी स्कूल पूंडरी के नए प्रधानाचार्य बने गजेंद्र कुमार, स्टाफ ने किया स्वागत

पूंडरी। डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में गजेंद्र कुमार ने शुक्रवार को नव नियुक्त प्रधानाचार्य के रूप में कार्यभार संभाल लिया। स्कूल पहुंचने पर कार्यकारी प्रधानाचार्य सुशील कुमार और स्टाफ सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। गजेंद्र कुमार इससे पहले डीएवी पब्लिक स्कूल नरवाना और लूखी (कुरुक्षेत्र) में प्रधानाचार्य के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और विद्यालयों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके साथ ही आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि युवा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी श्री जी के मार्गदर्शन में उन्होंने नशा मुक्ति अभियान के लिए भी कार्य किया। कार्यभार संभालने के बाद गजेंद्र कुमार ने अपनी नियुक्ति के लिए डीएवी प्रबंधन समिति नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्रधान पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी, निदेशक वीके चोपड़ा और विद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुभाष तंवर सहित पूरी प्रबंधन समिति का आभार जताया। इस अवसर पर प्राध्यापक विकास जैन, शमशेर सिंह, अमित कुमार, मुकेश कुमार, गीता गौड़, पंकज कुमार, माधुरी बक्शी, रिंपल, गीतू, आशीष, विजय कुमार, मुनीश हंस, दुर्गा दत्त, भूपेंद्र शर्मा और मुकेश सहित स्टाफ के अन्य सदस्य मौजूद रहे।



कैथल। बिजली फीडरों को ठीक करवाते तथा पहरा देते पुलिस कर्मचारी।

बिजली आपूर्ति सुचारू बनाए रखने के लिए कैथल पुलिस पावर हाउसों पर डटी

कैथल। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में जिले के सभी डीएसपी, थाना प्रबंधक (एसएचओ) तथा अन्य पुलिसकर्मी शुक्रवार को बिजली आपूर्ति की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रहे। पुलिसकर्मी पावर हाउसों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर मुस्तैदी से तैनात रहकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं को दूर करने में सहयोग कर रहे हैं। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने बताया की बिजली आपूर्ति प्रभावित होने से नागरिकों को होने वाली असुविधा को देखते हुए कैथल पुलिस संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग प्रदान कर रही है। इसी कड़ी में विभिन्न थाना प्रभारियों तथा अपराध शाखाओं की टीमों ने निजी मैकेनिकों के सहयोग से कई स्थानों पर बिजली के फॉल्ट ठीक करवाने में मदद की, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करने में सहायता मिली। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार पुलिस अधिकारी और कर्मचारी लगातार क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा स्थिति के अनुसार आवश्यक कदम उठा रहे हैं।



कैथल। अव्वल रहे खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी

नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में शिक्षा भारती विद्या निकेतन के दक्ष और वासुदेव जीते

कैथल। महाराष्ट्र के लोनावाला स्थित सिंहगढ़ पब्लिक स्कूल में 21 से 24 अक्टूबर तक आयोजित सीबीएसई नेशनल लेवल रेसलिंग प्रतियोगिता' में कलायत के शिक्षा भारती विद्या निकेतन स्कूल के दो होनहार पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल कर अपने स्कूल, गांव और कैथल जिले का नाम देश भर में रोशन किया है। प्रतियोगिता के अंडर-14 आयु वर्ग में स्कूल के छात्र दक्ष ने 52 किलोग्राम भार वर्ग तथा वासुदेव ने 35 किलोग्राम भार वर्ग में देश भर के विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। दोनों खिलाड़ियों को यह स्वर्णिम सफलता उनके कोच सुशील कुमार के कुशल एवं कड़े मार्गदर्शन में प्राप्त हुई है। विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप सिंह ने दोनों विजेता पहलवानों, उनके माता-पिता और कोच सुशील कुमार को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारे शिक्षा भारती विद्या निकेतन स्कूल और पूरे कैथल क्षेत्र के लिए अत्यंत गर्व और सम्मान का क्षण है। हमारे बच्चों ने राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर यह सिद्ध कर दिया है कि सच्ची लगन और कड़ी मेहनत से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है।

शेरगढ़ भ्रमण में विद्यार्थियों ने ज्ञान के साथ उठाया रोमांच का आनंद



राजौंद। रोहतक भ्रमण के दौरान किठाना पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

राजौंद। किठाना पब्लिक स्कूल, किठाना के विद्यार्थियों ने 22 अक्टूबर को शेरगढ़, रोहतक का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने नई जानकारियां हासिल करने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों का आनंद उठाया और भ्रमण को यादगार बनाया।विद्यालय की ओर से आयोजित इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण से अलग व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना तथा उनमें जिज्ञासा, सामाजिक समझ, अनुशासन, सहयोग और सामूहिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने आपस में मिल-जुलकर समय बिताया और नए अनुभवों से सीख हासिल कीविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन के अनुभव भी विद्यार्थियों के ज्ञान को समृद्ध करते हैं। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को नई परिस्थितियों को समझने, सामूहिक रूप से कार्य करने और अपने अनुभवों से सीखने का अवसर प्रदान करते हैं।



राजौंद। सीबीएसई राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रिया ढुल को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य व अन्य।

सीबीएसई राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर प्रिया ढुल का सम्मान

राजौंद। सीबीएसई की राष्ट्रीय स्तर की बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 69 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रिया ढुल के सम्मान में शुक्रवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रिया ने कैथल के आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रिया पिछले चार वर्षों से बाबा बिशनपुरी बॉक्सिंग अकादमी गांव भाना में नियमित रूप से प्रशिक्षण ले रही हैं। उनके कोच देवेंद्र ढुल भाना ने बताया कि प्रिया चार वर्षों से लगातार कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ अभ्यास कर रही हैं। उनकी मेहनत कापरिणाम राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक के रूप में सामने आया है।प्रिया ढुल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन समिति और कोच देवेंद्र ढुल को दिया। सम्मान समारोह में सरपंच नरेश ढुल तथा स्कूल प्रबंधन समिति की ओर से प्रिया ढुल, कोच देवेंद्र ढुल और स्कूल कोच श्रवण कुमार को सम्मानित किया गया। इस दौरान श्याम लाल आर्य, पंच मोनू, प्रिया के ताऊ ऋषि पाल तथा पिता महेंद्र पाल विशेष रूप से मौजूद रहे।

शहीदों की याद में पुलिस लाइन में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

शहीदों की स्मृति में कैथल पुलिस द्वारा 10 दिनों तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार पुलिस लाइन कैथल में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान डीएसपी सुशील प्रकाश, वेलफेयर इंस्पेक्टर सिंदर कौर, एएसआई विकास तथा एएसआई सुदेश ने पौधरोपण कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस अवसर पर डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि देश के वीर शहीदों का बलिदान सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। हमारे शहीद वीर योद्धाओं के कारण ही हम आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने आमजन से पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल की अपील की। पुलिस द्वारा आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शहीदों के बलिदान को याद करना तथा पुलिस कर्मचारियों में सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को मजबूत करना है।



कैथल। डीएसपी सुशील प्रकाश व अन्य पौधरोपण करते हुए।

नागरिक अस्पताल में मरीजों को बैनर पर मिलेगी दवाओं की जानकारी

- नई बिल्डिंग में दवा खिड़की के पास हरे रंग के लगवाए बैनर
- बैनर पर लिखी हुई है दवाओं की सूची, सूची के हिसाब से उस दिन उपलब्ध दवाओं के बारे में बताया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को अब दवाओं की उपलब्धता की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। अस्पताल की नई बिल्डिंग में दवा वितरण खिड़की के पास हरे रंग के बैनर लगाए गए हैं। इन बैनरों पर अस्पताल में उपलब्ध दवाओं की सूची लिखी गई है। इससे मरीजों को दवा लेने के लिए खिड़की पर पहुंचने से पहले ही सूची देख कर जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी। अस्पताल प्रशासन की इस पहल से दवाओं को लेकर मरीजों और कर्मचारियों के बीच होने वाले विवादों में कमी आने की उम्मीद है। नागरिक अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। प्रतिदिन 1600 तक की ओपीडी पहुंचती है। चिकित्सक से जांच कराने और पर्ची बनवाने के बाद मरीज दवा लेने के लिए दवा वितरण खिड़की पर पहुंचते हैं। कई बार मरीजों को निर्धारित दवा नहीं मिल पाती या उन्हें दवा की उपलब्धता के बारे में जानकारी नहीं होती। ऐसी स्थिति में मरीजों और दवा वितरण करने वाले कर्मचारियों के बीच बहस होती रहती है। अब दवा खिड़की के पास लगाए गए हरे बैनरों पर दवाओं की सूची लिखी होने से मरीजों को काफी हद तक सहूलियत मिलेगी। मरीज सूची देख कर यह जान सकेंगे कि अस्पताल में कौन-कौन सी दवाएं उपलब्ध हैं।



जींद। दवा खिड़की के पास लगवाया गया बैनर।

आदर्श स्कूल जाखौली में एनसीसी कैडेट्स ने किया शानदार परेड अभ्यास

राजौंद। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में एनसीसी कैडेट्स के लिए परेड अभ्यास का आयोजन किया गया। इस दौरान कुरुक्षेत्र से एनसीसी विभाग के पीआई विद्यालय पहुंचे और कैडेट्स को परेड का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कैडेट्स को अनुशासन, एकता और देशभक्ति के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को सावधान, विश्राम, कदमताल सहित परेड के विभिन्न चरणों का अभ्यास करवाया गया। कैडेट्स ने उचित तालमेल और अनुशासन के साथ परेड का शानदार प्रदर्शन किया। पीआई ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, समय की पाबंदी और राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, जिम्मेदारी, साहस और देश के प्रति समर्पण की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कैडेट्स को नियमित रूप से अभ्यास करने तथा भविष्य में विद्यालय और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय प्रबंधन ने एनसीसी प्रशिक्षण के लिए पहुंचे पीआई का आभार व्यक्त किया।



राजौंद। सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में परेड अभ्यास करते कैडेट्स।

बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में रोडवेज कर्मियों ने किया प्रदर्शन

- मानी गई मांगों का परिपत्र जारी न करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर शुक्रवार को बस अड्डे पर बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में रोडवेज कर्मियों ने प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन से पहले रोडवेज कर्मियों ने बस अड्डा परिसर में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी रोडवेज कर्मियों को संबोधित करते हुए रामेहर रेढू, जितेंद्र लाठर, सोमबीर जांगड़ा, अनिल शर्मा आदि ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा बिजली बोर्ड का निजीकरण करने और गुरुग्राम, नूंह जैसे मुनाफे वाले जिलों में निजी कंपनी पावर 11 को 25 साल के लिए पैरेलल लाइसेंस दिया जा रहा है। जिस पर बिजली निगम कर्मचारी आंदोलनरत हैं और तीन दिन की हडताल पर हैं। वहीं, सांझा मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य अनूप लाठर, सुरेंद्र सिंह और संदीप रंगा ने कहा कि आठ सितंबर को परिवहन मंत्री के साथ बैठक में 12 मुख्य मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन डेढ़ माह बीत जाने के बाद भी एक भी परिपत्र जारी नहीं हुआ है।



जींद। बस अड्डा परिसर में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुए रोडवेज कर्मचारी।

ज्वेलर के खाते से 1.07 लाख ठगे, मामला दर्ज

कैथल। साइबर ठग ने खुद को सैमसंग कस्टमर केयर का अधिकारी बताकर मोबाइल पर लिंक भेजकर बैंक खाते से 1.07 लाख रुपये निकाल लिए। शिकायतकर्ता को खाते से रुपये कटने का पता चला तो उसने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस को दी शिकायत में गांव भागल के सुशील कुमार ने बताया कि उसकी चीका में ज्वेलरी की दुकान है। उसका एचडीएफसी बैंक में खाता है। उसके सैमसंग मोबाइल की स्क्रीन टूट गई थी। उसने मोबाइल ठीक करवाने के लिए सैमसंग केयर सेंटर में दिया हुआ था, लेकिन कई दिन बीतने के बाद भी मोबाइल ठीक होकर नहीं मिला। सुशील कुमार ने बताया कि 14 अक्तूबर को उसने मोबाइल की मरम्मत के बारे में जानकारी लेने के लिए गूगल पर सैमसंग कस्टमर केयर का नंबर सर्च किया। फोन उठाने वाले ने ठगी की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जींद
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

गीतों व नृत्य के माध्यम से बच्चों ने दादा-दादी के महत्व को दर्शाया

इंडस पब्लिक स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

इंडस पब्लिक स्कूल की जूनियर विंग में शुक्रवार को नर्सरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों ने गीतों और नृत्य के माध्यम से दादा-दादी और नाना-नानी के महत्व को दर्शाया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के निदेशक सुभाष श्योराण, निदेशिका रचना श्योराण, कोऑर्डिनेटर प्रवीण परुथी, प्राचार्या अरुणा शर्मा, उपप्राचार्य प्रवीण कुमार और मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर मौजूद रहे।

नगर परिषद की चेयरपर्सन अनुराधा सैनी ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नन्हे बच्चों ने दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति प्रेम, सम्मान और लगाव को दर्शाते हुए सुंदर नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों की मासूम अदाओं और शानदार प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजा कर उनका उत्साहवर्धन किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर उल्लास और उमंग से सराबोर रहा। विद्यालय के निदेशक सुभाष श्योराण ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में स्कूल के साथ-साथ अभिभावकों की भी अहम भूमिका होती है।

अभिभावकों को बच्चों के सामने आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए और उन्हें अच्छे संस्कार देने के लिए मार्गदर्शन करना चाहिए। प्राचार्या अरुणा शर्मा ने अभिभावकों से बच्चों को पर्याप्त समय देने और उनमें नैतिक मूल्यों का विकास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का उनकी उपस्थिति और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।





जींद। इंडस पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

ऐसे कार्यक्रमों से सांस्कृतिक मूल्य होते हैं मजबूत : सैनी

मुख्य अतिथि अनुराधा सैनी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में प्रेम, सम्मान और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं। साथ ही उन्हें परिवार के महत्व को समझने का अवसर मिलता है।